# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
# (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
# पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/121/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 07.12.2020
GCMS NO:- 2020/00381

श्री राजेन्द्र **सुखवाल** निवासी बून्दी रोड़, देहली गेट के पास, चित्तौड़गढ़

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र. अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राज.) जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**निर्णय**

**दिनांक 22.12.2020**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 18.11.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 121/2020/(22.12)/736 दिनांक 07.12.2020 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 22.12.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 22.12.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/534 दिनांक 17.12.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ (राज.)

| प्रकरण संख्या 121/2020 (सू.अ.) |
|---|
| श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी बून्दी रोड़, देहली गेट के पास, चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

1. यह कि प्रार्थी श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी बून्दी रोड़, देहली गेट के पास, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 18.11.2020 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 20.11.2020 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से वांछित सूचना के समस्त तथ्य प्रश्नात्मक है।
3. यह कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के परिपत्र क्रमांक/प–3(22)प्रसू/सूअसप्र/06 दिनांक 02.02.2009 के तहत यह व्यवस्था प्रदान की है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदक द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान करना या काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नहीं है। अधिनियम के तहत केवल ऐसी सूचना प्राप्त की जा सकती है जो लोक प्राधिकारी के पास पहले से मौजूद है।
4. यह कि प्रार्थी को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र से वांछित सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2673 दिनांक 25.11.2020 से अवगत कराया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
5. यह कि प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना के संबंध में अवगत कराये जाने से अब इस प्रकरण पर किसी कार्यवाही की आवश्यकता नही रहती है। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/534 दिनांक 17.12.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। चूंकि प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग (सूचना का अधिकार

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी<br>(जिला कलक्टर)<br>चित्तौडगढ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.))

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 121 / 2020 (सू.अ.) |
|---|
| श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी बून्दी रोड़, देहली गेट के पास, चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

प्रकोष्ठ) के परिपत्र कमांक / प.3(22)प्रसु / सू.अ.प्र. / 06 दिनांक 02.02.2009 अनुसार **"सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदक द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान करना या काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नही है। अधिनियम के अन्तर्गत केवल ऐसी सूचना प्राप्त की जा सकती है जो लोक प्राधिकारी के पास पहले से मौजूद है।"** जिससे अपीलार्थी को, लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 2673 दिनांक 25.11.2020 से सूचित किया जा चुका है।

चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना के संबंध में लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा जरिये पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 2673 दिनांक 25.11.2020 से सूचित किया जा चुका है जिससे अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। अतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

**(के. के. शर्मा)**
आई.ए.एस.
**लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी**
**जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)**

Web Copy - Not Official

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 121 / 2020(सू.अ.) / 783 दिनांकः– 22/12/2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री राजेन्द्र **सुखवाल** निवासी बून्दी रोड़, देहली गेट के पास, चित्तौड़गढ़

**लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी**
**जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)**